न्यायालय भू-प्रबन्ध अधिकारी एवं पदेन राजस्व अपील प्राधिकारी, कोटा

आज्ञा-पत्र

उनवान

नाथूबाई बनाम शिवसिंह

किस्म मुकदमा धारा - 223 मि.नं. 154/2013 सन

अभिभाषक अपीलान्ट श्री डी. जोशी अभिभाषक रेस्पोडेन्ट [illegible]

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील मे जारी हुए
17.5.24	पत्रावली पेश हुई। अपीलांटगण एवं उनके अभि० को रुक-रुक कर तीन बार आवाजें लगवायी गयी। फिर भी उनकी ओर से कोई भी उपस्थित नहीं हुआ। पत्रावली का अवलोकन किया गया। अपीलांट-गण एवं अभिभाषक अपीलांट के ~~अनु~~ दिनांक 6.10.23 से अनुपस्थित चल रहे हैं। अतः अपीलांटगण एवं अभिभाषक अपीलांट के अनुपस्थित रहने के कारण पत्रावली अदम हाजरी, अदम पैरवी में खारिज की जाती है। पत्रावली कैफियत शुमार होकर बाद तामील तकमील दाखिल दफ्तर हो। (ममता कुमारी तिवारी) भू-प्रबन्ध अधिकारी एवं पदेन राजस्व अपील प्राधिकारी, कोटा	

प्रस्तुतकर्ता
एडवोकेट
21.6.2015

न्यायालय :- भूप्रबन्ध अधिकारी एवं पदेन राजस्व अपील प्राधिकारी

कोटा कैम्प झालावाड़ (राज०)

==

1- नानूबाई पुत्री गोपी पत्नी किशनजी जातिभील निवासी थोबड़िया हाल गोगड़पुर तहसील सीरापुर जिला राजगढ़ (म०प्र०)

2- रमेश वल्द धन्ना जाति भील निवासी थोबड़िया

3- मोहनबाई पुत्री धन्ना जाति भील निवासी थोबड़िया

4- प्रेमबाई पुत्री धन्ना जाति भील निवासी थोबड़िया

5- रमाबाई पत्नी धन्ना जाति भील निवासी थोबड़िया तहसील झालरापाटन जिलाझालावाड़ (राज०)

--- अपीलान्टस

बनाम

1- शिवसिंह वल्द गुलाबसिंह कौम भील निवासी थोबड़िया खुर्द तहसील झालरापाटन जिला झालावाड़

2- भगवतीबाई पुत्रीस्व.गुलाब पत्नी हरीसिंह उम्र 45 साल कौमभील निवासी सालरी तहसील पिड़ावा जिला झालावाड़

3- कौशल्याबाई पुत्री स्व.गुलाब पत्नी हरिशचन्द्रजातिभील निवासी कलोतिया तहसील पिड़ावा जिलाझालावाड़

4- रमाबाईपुत्री स्व.गुलाबजी पत्नी रामप्रसाद जाति भील निवासीरूपारेल तहसील झालरापाटन जिलाझालावाड़

5- सोहनीबाई पुत्री स्व.गुलाब पत्नी रामनारायणजातिभील निवासी सलोतिया तहसील झालरापाटन जिला झालावाड़

6- नाथीबाई पत्नीस्व.गुलाब जातिभील निवासी थोबड़िया खुर्द तहसील झालरापाटन जिलाझालावाड़

7- सुन्दरबाई पत्नी धाना	कौम भील निवासीयान थोबड़िया खुर्द
8- भैरूलाल पुत्र धाना	तहसील झालरापाटन
9- गोपाल पुत्र धाना	जिला झालावाड़
10- रणजीत पुत्र धाना	
11- गुड्डीबाई पुत्री धाना	

मृतक

निरन्तर--2 पर

12- हीरालाल वल्द पेमा भील निवासी थोबड़िया कुंई तहसील झालरापाटन जिला झालावाड़

13- धापूबाई पुत्री पेमा पत्नी प्यारा जाति भील निवासी भूमाड़ा तहसील झालरापाटन जिला झालावाड़

14- नारायणीबाई पुत्री पेमा पत्नी भैरा जातिभील निवासी खिरनिया तहसील झालरापाटन जिला झालावाड़

15- कमलाबाई पुत्री पेमा जी पत्नी पूरीलाल जाति भील निवासी डूंगरगांव तहसील झालरापाटन जिला झालावाड़

16- रामसिंह वल्द बद्रीलाल जाति भील निवासी गादिया तहसील झालरापाटन जिला झालावाड़

17- बदामबाई पुत्री बद्रीलाल जाति भील निवासी बजूरी तहसील झालरापाटन जिला झालावाड़

18- राजस्थान सरकार जरिये तहसील झालरापाटन जिला झालावाड़

— रेस्पोंडेन्ट्स

अपील बनाराजी फैसला व संशोधित फाईनल डिक्री दिनांक 10-1-2012

मान्यवर,

संक्षिप्त तथ्य इस प्रकार हैकि इस मुकदमे में प्रारम्भिक डिक्री दिनांक 7-7-2011 कोपारित कीगईथीइसकी पालना में फाईनल डिक्री दिनांक 17-8-2011 को बनाईगईथी जिसमें अपीलान्ट रमेश, मोहनबाई, प्रेमबाई के पिता व छमाबाई के पति मृतक धन्ना भील निवासी थोबड़िया को प्रतिवादी नम्बर 13 व प्रतिवादी नम्बर 14 नानूबाई अपीलान्टका 1/2 हिस्सा भी बंटवारेमें दिया जाकर उसको 7 बीघा 16 बिस्वा जमीन बंटवारेमेंदी गईथी इसकेबाद दिनांक 10-1-2012 को संशोधित डिक्री जारीकीगई और उसे केवल 3 बीघा 18 बिस्वा जमीन बंटवारेमें दीगईइससे असन्तुष्ट होकर यह अपील निम्न कारणों से प्रस्तुत है:-

1- यहकि अधिनस्थन्यायालय का आदेशदिनांक 10-1-2012 खिलाफ कानून एवं पत्रावली संग्रहसार के सर्वथा विपरीत है।

निरन्तर—3 पर